PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

यहाँ कोई भी आपका सपना पूरा करने के लिए नहीं है, हर कोई अपनी तकदीर और अपनी हक़ीकत बनाने में लगा है।
-ओशो रजनीश

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 25 अक्तूबर, 2026, साल-2, अंक-90, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

फिलीपींस में दो विमान आपस में टकराए; चार पायलटों की मौत

- वायु सेना के दो प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त

मनीला, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

फिलीपींस में एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान वायु सेना के दो विमान आपस में टकरा गए, जिससे उनमें सवार चारों पायलटों की मौत हो गई। दोनों विमान मनीला के दक्षिण में स्थित लिपा सिटी के फर्नांडो एयरबेस पर दुर्घटनाग्रस्त हुए। इस घटना के बाद, फिलीपींस वायु सेना ने अपने स्त्र-260 विमानों की उड़ानों पर रोक लगा दी है। यह रोक जांच पूरी होने तक लागू रहेगी।



एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों स्त्र-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ान भर रहे थे, तभी वे आपस में टकरा गए। इनमें से एक विमान सैन्य बैरकों के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इन विमानों को इटली से खरीदा गया था। फिलीपींस की सेना को फंड की कमी के कारण अपने लड़ाकू विमानों, नौसेना और थल सेना के आधुनिकीकरण में लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मई में, उत्तरी फिलीपींस के पहाड़ी इलाके में एक स्त्र-260 प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई थी। 2023 में भी एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक स्त्र-260 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था; उस घटना में भी दो पायलटों की जान चली गई थी।

30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदकों के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाकर समाप्त हुआ भारत का सफर

क्लोजिंग सेरेमनी में मोना-निशाद ने शान से लहराया तिरंगा, 5 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए

नागोया, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

जापान के पलोमा मिजुहो स्टेडियम में शनिवार को 5वें एशियाई पैरा गेम्स की भव्य क्लोजिंग सेरेमनी हुई। क्लोजिंग सेरेमनी में डबल गोल्ड मेडलिस्ट निशाद कुमार और मोना अग्रवाल भारतीय ध्वजवाहक रहे। भारत ने खेलों के इस महाकुंभ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 114 मेडल जीते। इनमें 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। पदक तालिका में भारत चौथे स्थान पर रहा। पिछली बार हांगझोउ 2022 में भारत ने 108 मेडल जीते थे। इस बार छोटा दल होने के बावजूद कुल मेडल और गोल्ड मेडल दोनों की संख्या में सुधार दर्ज किया गया। पिछले



एशियन पैरा गेम्स में भारत ने 300 से ज्यादा खिलाड़ियों का दल भेजा था। इस बार सिर्फ 168 खिलाड़ी शामिल हुए।

पैरा आर्चरी में भारत की मिश्रित टीम ने कम्पाउंड मिक्स्ड टीम ने 144 एरो राउंड में 1402 स्कोर के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया। शीतल देवी और तोमन कुमार की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड पर कब्जा किया। इस खेल में भारत को कुल 6 मेडल (3 गोल्ड सहित) मिले, जिसमें टीम इवेंट्स ने खास योगदान दिया।

शीतल देवी ने व्यक्तिगत कम्पाउंड महिलाओं की स्पर्धा में 149 स्कोर के साथ नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आर्चरी में भारत की युवा प्रतिभाओं ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और कई इवेंट्स में पोडियम पर जगह बनाई।

पैरा एथलेटिक्स के पुरुष 400 मीटर टी44 वर्ग में संदीप ने 52.28 सेकंड का समय निकालकर विश्व रिकॉर्ड रचा और गोल्ड जीता। एथलेटिक्स भारत का सबसे मजबूत खेल साबित हुआ, जहां टीम ने 65 मेडल (22 गोल्ड सहित) हासिल किए और कुल पदक तालिका में सबसे बड़ा योगदान दिया। हनी ने पुरुष जेवलिन थ्रो एफ37 में 60.49 मीटर की थ्रो के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड मेडल हासिल किया। पैरा एथलेटिक्स में (शेष पेजा 2 पर)


250% टैरिफ की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई : ट्रम्प

- दोनों से कहा था लड़ाई नहीं रोकी तो अमेरिका से कारोबार बंद कर दूंगा

वॉशिंगटन, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाने के लिए दोनों देशों को 250त्न टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों से साफ कह दिया था कि अगर लड़ाई नहीं रोकी, तो अमेरिका उनके साथ कारोबार बंद कर देगा। उनके मुताबिक, उनकी इस चेतावनी के बाद भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी बंद कर दी।

ट्रम्प ने फ्लोरिडा में एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु हथियार वाले देश हैं। उन्होंने दोनों देशों से कहा था कि अगर वे लड़ाई जारी रखेंगे, तो अमेरिका उनके सामान पर भारी टैरिफ लगाएगा। उन्होंने



दावा किया कि उनकी चेतावनी से दोनों देश बहुत नाराज हुए, लेकिन उन्होंने गोलीबारी रोक दी और युद्ध खत्म हो गया।

ट्रम्प ने कहा, जंग के दौरान 11 विमान गिराए गए थे। मैंने इसे रुकवाया है और ऐसा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत ने लगातार किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार किया है। भारत के मुताबिक, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति तब बनी, जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक ने संपर्क किया और कार्रवाई रोकने की मांग की। (शेष पेजा 2 पर)



सोनिया गांधी ने अपनी सुखद यादें साझा करते हुए कहा...

'हमने मिलकर एक ऐसी दुनिया बनाई, जो खुशियों से भरी हुई थी'

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

इंस्टाग्राम पर आने के बाद, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी अब 'एक्स' (पहले ट्विटर) से जुड़ गई हैं। उन्होंने इस प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ उनकी प्रेम कहानी 1965 में इंग्लैंड के कैम्ब्रिज में 'द वार्सिटी' नाम के एक छोटे से ग्रीक रेस्तरां में कैसे शुरू हुई थी।

'एक्स' पर अपनी पहली पोस्ट में, सोनिया गांधी ने अपनी आने वाली किताब 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' के बारे में बात की, जो 10 नवंबर को रिलीज होने वाली है। उन्होंने राजीव गांधी के साथ बिताए अपने जीवन की निजी यादें साझा कीं और पुरानी यादों व तस्वीरों के जरिए अपने रिश्ते के शुरुआती दिनों की झलक दिखाई। उन्होंने कहा, 'मेरी प्रेम कहानी कैम्ब्रिज के एक छोटे से ग्रीक रेस्तरां में शुरू हुई थी। राजीव और मैंने प्यार, हंसी और यादों से भरी एक दुनिया बनाई। 10 नवंबर को, मैं उसी दुनिया को आपके साथ साझा कर रही हूं। 1965 में कैम्ब्रिज के उस ग्रीक रेस्तरां में हुई अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए, सोनिया ने राजीव गांधी

'मैं उस पल को कभी नहीं भूल सकती'



और उन खूबियों के बारे में बहुत प्यार से बात की, जिन्होंने उन्हें उनकी ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा, 'बेशक, वह बहुत हैंडसम थे। उन्होंने उस समय इंग्लैंड में अच्छा खाना खोजने में आने वाली मुश्किलों को भी याद किया। उन्होंने बताया कि तब वहां बहुत कम रेस्तरां हुआ करते थे, और आखिरकार उन्हें एक ऐसा ग्रीक रेस्तरां मिल गया, जहां अक्सर भारतीय और इतालवी छात्र जाया करते थे।

उन्होंने बताया कि कैसे वह रेस्तरां उनके रिश्ते की शुरुआत की जगह बन गया। पुराने दिनों को याद करते हुए सोनिया ने कहा, 'मैं राजीव से उसी रेस्तरां में मिली थी। हमारी पहली मुलाकात से ही, मुझे गहराई से महसूस हुआ कि वह ऐसे इंसान हैं जिनके साथ मैं रहना चाहूंगी-एक ऐसा पल जिसे मैं कभी नहीं भूल सकती।

राजीव गांधी के व्यक्तित्व के बारे में बात करते हुए, उन्होंने बताया कि उनके विनम्र स्वभाव ने शुरुआत से ही उन पर गहरा प्रभाव डाला था। उन्होंने आगे कहा, 'वह सच में एक नेक और विनम्र इंसान लगते थे; हालांकि वह बहुत आकर्षक थे, लेकिन उनके व्यक्तित्व में विनम्रता साफ झलकती थी। इसका मुझ पर बहुत गहरा असर पड़ा।' 'मैं उस पल को कभी नहीं भूल सकती जब हम पहली बार मिले थे।

गुरुवार को उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी कदम रखा। एक पोस्ट में, उन्होंने अपनी आने वाली आत्मकथा के बारे में जानकारी दी और पाठकों को इस किताब की पहली झलक दिखाने का मौका मिलने पर खुशी जताई।

अपनी पहली इंस्टाग्राम पोस्ट में किताब की एक झलक साझा करते हुए, सोनिया गांधी ने लिखा, 'नमस्ते सभी को, आप सभी के साथ इस पल को साझा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यहां 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ़ लव' की पहली झलक है। यह प्यार, कर्तव्य, जुदाई (शेष पेजा 2 पर)

मुंबई में एक बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

जैश से संबंध के शक में रैपिडो ड्राइवर गिरफ्तार

मुंबई, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

मुंबई में माहिम मेट्रो स्टेशन के पास एक रैपिडो ड्राइवर को पकड़ा गया है। उस पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'जैश-ए-मोहम्मद' से जुड़े होने का शक है। आतंकी समूह से संबंध के शक में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान मुंबई के माहिम निवासी मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर के रूप में हुई है।



उसे महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अनुसार, अख्तर रैपिडो ड्राइवर के तौर पर काम करने और इत्र बेचने की आड़ में कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार कर रहा था। वह पाकिस्तानी खुफिया तंत्र के संपर्क में था। आरोपी धार्मिक नफरत फैलाता था और 'इंडियन मुस्लिम' नाम के एक टेलीग्राम ग्रुप में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर की ऑडियो क्लिप शेयर करता था, जिनमें बाबरी मस्जिद का जिक्र होता था।

जांच में यह भी पता चला है कि रैपिडो ड्राइवर अख्तर, 'इब्न-ए-कासिम' नाम के एक कट्टरपंथी पाकिस्तानी टेलीग्राम चैनल से जुड़ा हुआ था।

राहुल से कारोबारी बोले

1 नवंबर को रैली न करें

दिल्ली, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

दिवाली और त्योहारी सीजन के बीच दिल्ली के व्यापारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पत्र

- दिल्ली में 10 हजार करोड़ नुकसान होगा, पिछले दिवाली सीजन लगभग 75,000 करोड़ बिक्री हुई

लिखकर आगामी 1 नवंबर को रामलीला मैदान में प्रस्तावित महारैली को स्थगित करने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि यह समय त्योहारी खरीदारी का चरम (पीक सीजन) है। यदि इस दौरान रामलीला मैदान में बड़ी राजनीतिक रैली आयोजित की गई, तो ट्रैफिक जाम, सुरक्षा बैरिकेडिंग और रास्तों के बंद होने से आसपास के 20 बड़े थोक व खुदरा बाजारों का व्यापार ठप हो सकता है, जिससे करीब 10,000 करोड़ रुपये का



कारोबार बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है।

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने राहुल गांधी को भेजे पत्र में विनम्र अनुरोध करते हुए कहा कि इस रैली को 10 नवंबर यानी भैया दूज के बाद आयोजित किया जाए। व्यापारिक संगठन के अनुसार, कनॉट प्लेस, इंडिया गेट और मध्य दिल्ली में बीते दिनों हुए लगातार विरोध प्रदर्शनों और मार्चों के चलते अक्टूबर महीने में राजधानी के दुकानदारों को पहले ही लगभग 3 हजार करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसे में धनतेरस, दिवाली और भैया दूज के मुख्य दिनों में होने वाली किसी भी बड़ी रैली का सीधा असर व्यापारियों की सालभर की उम्मीदों पर पड़ेगा। व्यापारियों ने पत्र में स्पष्ट किया है कि रामलीला मैदान के 5 किलोमीटर के दायरे में चांदनी चौक, सदर बाजार, खारी बावली, चावड़ी बाजार, भागीरथ पैलेस, कश्मीरी गेट, नया बाजार, मोरी गेट, दरियागंज, अजमेरी गेट, करोल बाग और आजाद मार्केट जैसे देश के सबसे बड़े थोक एवं खुदरा केंद्र स्थित हैं। इन बाजारों से दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में माल की आपूर्ति की जाती है। रैली के दिन संभावित रूट डायवर्जन और नजदीकी मेट्रो स्टेशनों पर पाबंदियों के कारण न केवल स्थानीय ग्राहक बल्कि अन्य राज्यों से आने वाले थोक खरीदार भी बाजारों तक नहीं पहुंच पाएंगे।

भारत का मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ अमेरिका में गिरफ्तार

- 30 से ज्यादा मामले दर्ज; 2023 में इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था

नई दिल्ली, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत के मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर हिमांशु भाऊ को अमेरिका में FBI ने गिरफ्तार किया है। हिमांशु पर दिल्ली, हरियाणा समेत कई राज्यों में मर्डर, हत्या की कोशिश, रंगदारी और हथियारों की तस्करी जैसे करीब 30 से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई है।

इंटरपोल ने उसके खिलाफ 2023 में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। हरियाणा पुलिस ने उस पर 2.5 लाख और दिल्ली पुलिस ने 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। 2022 में हरियाणा में 24 घंटे में तीन हत्याओं के बाद हिमांशु चर्चा में आया था। हिमांशु भाऊ की गैंग ने ही 2025 में यूट्यूबर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर के



बाहर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। हिमांशु की लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से दुश्मनी मानी जाती है। इसी मामले में एक अन्य भगोड़े नीरज फरीदपुरिया को भी पकड़ा गया। बताया गया है कि वह इस साल जमानत पर रिहा होने के बाद अपने टखने में लगा निगरानी ट्रैकर हटाकर गिरफ्तारी से बच रहा था।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक सूत्र ने बताया कि दिल्ली और हरियाणा पुलिस की (शेष पेजा 2 पर)

भयानक सड़क हादसा

तेज़ रफ़्तार कार ट्रक से टकराई

- एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की मौत



जयपुर, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

शनिवार सुबह राजस्थान के चुरू ज़िले में सादुलपुर कस्बे के पास एक तेज़ रफ़्तार कार ट्रक से टकरा गई।

इस हादसे में कार चालक और उसमें सवार एक ही परिवार के पाँच सदस्यों की मौत हो गई। यह घटना ददरेवा-तारा नगर रोड पर हुई। परिवार के लोग एक मंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें से छह (चालक सहित) की (शेष पेजा 2 पर)

पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर सात हजार रुपए का मिल रहा

- ईरान से 17 अक्टूबर से सप्लाई बंद, वहीं से 50% गैस आती है

इस्लामाबाद/तेहरान, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पाकिस्तान में एलपीजी सिलेंडर की कीमत बढ़ गई है। 12 किलो के सिलेंडर की कीमत कुछ ही दिनों में 4500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 7000 रुपए हो गई है। दरअसल, ईरान से पाकिस्तान को होने वाली एलपीजी की सप्लाई रुक गई है। दोनों देशों के बीच दो अहम सीमा चौकियां 17 अक्टूबर से बंद हैं।



रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों देशों ने इसकी अलग-अलग वजह बताई हैं। पाकिस्तान ने बताया की उसने सुरक्षा चिंता और तस्करी रोकने के लिए यह सीमा बंद की है। वहीं, ईरान ने इसकी तकनीकी वजह बताई है। पाकिस्तान अपनी कुल एलपीजी जरूरत का करीब 50% हिस्सा ईरान से आयात करता है। ऐसे में सप्लाई रुकने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पाकिस्तान अपनी एलपीजी जरूरत का करीब 70% हिस्सा विदेशों से आयात करता है। ईरान के अलावा इराक और ओमान से भी गैस आती है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक के मुताबिक, देश में हर दिन करीब 6500 से 7000 टन एलपीजी की जरूरत होती है। इसमें से 2000 से 2500 टन गैस देश में तैयार होती है, जबकि बाकी जरूरत आयात से पूरी की जाती है। लेकिन होर्मुज स्ट्रेट में ईरान जंग के कारण आई रुकावट से इन इराक और ओमान से होने वाला आयात भी प्रभावित हुआ है।



तिलक और नीतीश ने हारी हुई बाजी पलटकर जीत दिलाई

भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

चंडीगढ़, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

भारत ने दूसरे टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, न्यूजीलैंड ने अपने 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में, भारतीय टीम ने 19.5 ओवरों में छह विकेट खोकर 181 रन बनाए और मैच जीत लिया। इस जीत के साथ, भारत ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

इससे पहले, ग्लेन फिलिप्स और बेवन जैकब्स की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से, न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 इंटरनेशनल में भारत के खिलाफ 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 180 रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने पावरप्ले (शुरुआती छह ओवर) के दौरान

- 30 गेंदों में 69 रनों की साझेदारी से दूसरे टी20 मैच में मिली जीत



ही अपने तीन विकेट गंवा दिए। दूसरे ओवर में, अर्शदीप सिंह ने टिम सीफर्ट (7) को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। अगले ओवर में, भुवनेश्वर कुमार ने डेरिल मिशेल (6) को आउट किया। छठे ओवर में प्रिंस यादव ने फिन एलन (16) का विकेट लिया। छह ओवर के बाद, न्यूजीलैंड का स्कोर 3 विकेट पर 43 रन था। (शेष पेजा 2 पर)

पीआरटीसी, पनबस और पंजाब रोडवेज के कर्मचारियों ने हड़ताल वापस ली

- वित्त और परिवहन मंत्री हरपाल चीमा के साथ बातचीत सफल रही
- मांगों के संबंध में लिखित आदेश मिलने के बाद राज्य भर में बस सेवाएं बहाल हुईं

पटियाला, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

सरकारी बस सेवाएं बंद होने के कारण पिछले चार दिनों से परेशान हो रहे यात्रियों को आज राहत मिली। पंजाब सरकार और हड़ताल कर रहे अनुबंध कर्मचारियों के बीच आपसी सहमति बन गई है। पीआरटीसी, पनबस और पंजाब रोडवेज के अनुबंध कर्मचारियों की चार दिन लंबी हड़ताल, पंजाब के वित्त और परिवहन मंत्री हरपाल सिंह चीमा के साथ बातचीत के बाद खत्म हो गई। कर्मचारी यूनियनों द्वारा हड़ताल वापस लेने की घोषणा के बाद, आज दोपहर राज्य के ज्यादातर हिस्सों में सरकारी बस सेवाएं फिर से शुरू हो गईं, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। गौरतलब है कि इस हड़ताल के कारण पूरे पंजाब में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई थीं। रोज सफर करने वालों-खासकर स्कूल-कॉलेज के छात्रों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों-को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यूनियन नेताओं ने (शेष पेजा 2 पर)

अमृतसर में बारिश, भिखीविंड और अन्य इलाकों में ओलावृष्टि

- बेमौसम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी; फसलों को नुकसान की आशंका, मंडियों में धान की उठान फिर प्रभावित होने के आसार

भिखीविंड, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमृतसर में आज शाम बारिश हुई, जबकि भिखीविंड में शनिवार शाम को ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण जहां खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है, वहीं मंडियों में पड़े धान की उठान का काम भी दोबारा प्रभावित होने के आसार बन गए हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम को भिखीविंड में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। इससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। किसानों का कहना है कि मौसम में अचानक आए इस बदलाव ने उनकी परेशानियां बढ़ा दी हैं। साल भर की मेहनत और फसल पर लगाया गया पैसा दांव पर लगा हुआ है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण पैदा हुए हालात ने



किसानों को फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित कर दिया है।

किसान रेशम सिंह, पिशौरा सिंह, चानण सिंह और हरदेव सिंह ने कहा कि किसान पहले ही कृषि से जुड़ी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि (शेष पेजा 2 पर)

गुलाब चंद कटारिया ने पीईसी, चंडीगढ़ के 56वें दीक्षांत समारोह की शोभा ढ़ाई





चंडीगढ़, 24 अक्टूबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पीईसी (पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज), चंडीगढ़ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने अपना 56वाँ दीक्षांत समारोह अत्यंत उत्साह और शैक्षणिक गरिमा के साथ आयोजित किया। इस अवसर पर पंजाब के माननीय राज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पीईसी के कुलाधिपति श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पीईसी के कुलपति प्रो. भोला राम गुर्जर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों, विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों, उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके गौरवान्वित परिजनों ने भी समारोह में भाग लिया।

दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक रहा, जिसमें उनकी लगन, दृढ़ता और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। इस समारोह ने तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में पीईसी की गौरवशाली परंपरा तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार पेशेवरों और जिम्मेदार नेतृत्वकर्ताओं को विकसित करने की संस्थान की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया।

विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 824 उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 737 बी.टेक., 69 एम.टेक. और 18 पीएच.डी. उपाधियाँ शामिल थीं। इनमें से 675 विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी उपाधियाँ प्राप्त कीं, जबकि 149 उपाधियाँ अनुपस्थिति में प्रदान की गईं।

पीईसी के कुलपति प्रो. भोला राम गुर्जर ने मुख्य अतिथि श्री गुलाब चंद कटारिया का स्वागत किया तथा उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को वर्ष के दौरान संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता को सुदृढ़ करने, अंतर्विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा उद्योग जगत और प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग को मजबूत करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलपति ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट भी मुख्य अतिथि को प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यार्थियों को पीईसी के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने तथा अपने व्यावसायिक कार्यों के माध्यम से समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री गुलाब चंद कटारिया ने स्नातक विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने पीईसी की गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो. सतीश धवन तथा संस्थान की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा और अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला को याद किया। उन्होंने इन महान विभूतियों को इंजीनियरों और युवाओं की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्थायी स्रोत बताया। इस अवसर पर पीईसी की पूर्व छात्रा सुश्री कंवरदीप कौर, आईपीएस, एसएसपी, चंडीगढ़ को फेम इंडिया-एशिया पोस्ट द्वारा भारत के शीर्ष 25 पुलिस अधिकारियों में शामिल किए जाने का भी उल्लेख किया गया।

स्नातक विद्यार्थियों को 'भारत के भावी युवा' बताते हुए राज्यपाल ने उनसे भारत की समृद्ध विरासत को गर्व और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने नशा मुक्ति पर विशेष बल देते हुए युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के दूत बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और एकाग्र युवा पीढ़ी ही सशक्त राष्ट्र की नींव है।

राज्यपाल ने युवा इंजीनियरों को नवाचार करने तथा देश की सेवा में प्रौद्योगिकी और उभरती तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत किया जा सके तथा किसी भी चुनौती के विरुद्ध देश के हितों और अखंडता की रक्षा की जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्नातक विद्यार्थी व्यावसायिक नैतिकता के उच्च मानकों को बनाए रखेंगे तथा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए करेंगे।

56वाँ दीक्षांत समारोह प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पीईसी की गौरवशाली विरासत तथा उत्कृष्टता, ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति संस्थान की अटूट प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए अपने नए व्यावसायिक और शैक्षणिक सफर की शुरुआत की।

डीसी चौक से दयाल स्वीट्स तक बढ़ा नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन

ऊना, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

ऊना शहर में यातायात एवं वेंडिंग व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन का दायरा बढ़ा दिया गया है। जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल के आदेशों के तहत अब डीसी चौक से रक्कड़ कॉलोनी स्थित दयाल स्वीट्स तक का पूरा सड़क मार्ग इस प्रतिबंधित क्षेत्र में शामिल होगा। इससे पहले डीसी चौक से ओम भुजिया भंडार तक के सड़क मार्ग को नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन घोषित किया गया था। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 117 के तहत पूर्व में जारी आदेशों का विस्तार करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र की सीमा दयाल स्वीट्स, रक्कड़ कॉलोनी तक बढ़ाई गई है। विस्तारित सड़क खंड पर भी पूर्व आदेशों के प्रावधान, शर्तें और दंड संबंधी नियम लागू रहेंगे। जिला दंडाधिकारी ने पुलिस, नगर निगम, एसडीएम कार्यालय और राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारियों को आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



तेरा ही तेरा मिशन हॉस्पिटल, सेक्टर 45 में नि:शुल्क इको स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत/चंडीगढ़ (हरमिंदर नागपाल)

आज तेरा ही तेरा मिशन हॉस्पिटल, सेक्टर 45 में नि:शुल्क इको स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप के दौरान 20 मरीजों की नि:शुल्क इकोकार्डियोग्राफी की गई तथा उन्हें हृदय रोगों से संबंधित नि:शुल्क परामर्श भी प्रदान किया गया।



यह परामर्श डॉ. करनदीप सिंह स्याल, कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा दिया गया। इस अवसर पर डॉ. हरजीत सिंह सब्बरवाल जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कैंप के सफल आयोजन में डी.पी. सिंह जी चावला जी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस पहल का उद्देश्य लोगों में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, हृदय रोगों की समय रहते पहचान करना तथा जरूरतमंद मरीजों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ नि:शुल्क पहुँचाना था। सेवा, समर्पण और स्वस्थ हृदय की दिशा में एक सार्थक पहल।

पीजीआई ने हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के 57 डॉक्टरों को इमीडिएट ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट एवं बर्न मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया

चंडीगढ़
(पैग़ाम-ऐ-जगत)



पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ट्रॉमा एंड बर्न्स) द्वारा 24 अक्टूबर, 2026 को हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के 57 डॉक्टरों के लिए इमीडिएट ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट एवं बर्न मैनेजमेंट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। यह पाठ्यक्रम भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय ट्रॉमा एवं बर्न चोट निवारण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रॉमा और जलने से होने वाली चोटों के कारण होने वाली रोकी जा सकने वाली मौतों एवं जटिलताओं को कम करना, स्वास्थ्य पेशेवरों की क्षमता को सुदृढ़ करना, उपचार प्रोटोकॉल को मानकीकृत करना तथा अस्पतालों में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को मजबूत बनाना था। इस पाठ्यक्रम का नेतृत्व डॉ. अतुल पराशर, पाठ्यक्रम निदेशक, प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष, पीजीआई, चंडीगढ़ तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ट्रॉमा एंड बर्न्स) के नोडल अधिकारी ने किया। एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. निधि भाटिया ने पाठ्यक्रम की सह-निदेशक के रूप में कार्य किया, जबकि डॉ. अंकित दादरा पाठ्यक्रम समन्वयक रहे। प्रशिक्षण में ट्रॉमा और जलने से घायल मरीजों के प्रारंभिक मूल्यांकन एवं प्रबंधन के लिए व्यवस्थित दृष्टिकोण पर विशेष ध्यान दिया गया।

डॉ. अतुल पराशर ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में पांच लाख से अधिक लोग गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में शामिल हुए और 1.87 लाख लोगों की जान चली गई। इसका अर्थ है कि प्रतिदिन औसतन 512 तथा हर घंटे लगभग 21 लोगों की मृत्यु हुई। उन्होंने यह भी बताया कि करीब एक लाख लोग जलने की चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती हुए, जिनमें मृत्यु दर 30 प्रतिशत से अधिक रही।* इमीडिएट ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट एवं बर्न मैनेजमेंट पाठ्यक्रम में मरीजों की प्राथमिकता के आधार पर छंटाई (ट्रायेज), आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारी, मस्तिष्क की दर्दनाक चोटों, मस्कुलोस्केलेटल ट्रॉमा तथा जलने से संबंधित चोटों के प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। सैद्धांतिक सत्रों के साथ-साथ आपातकालीन चिकित्सा प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें वायुमार्ग प्रबंधन, इंटरकॉस्टल ड्रेन डालना, इंट्राऑसियस एक्सेस स्थापित करना तथा रक्तस्राव को नियंत्रित करना जैसी आवश्यक प्रक्रियाएं शामिल थीं।

विशेष व्याख्यानों, संवादात्मक शिक्षण और व्यावहारिक कौशल सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों की नैदानिक दक्षता और ट्रॉमा एवं बर्न से संबंधित आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारी को मजबूत करने का प्रयास किया गया। इस पहल का व्यापक उद्देश्य ऐसी चोटों से होने वाली रोकी जा सकने वाली बीमारियों, जटिलताओं और मृत्यु दर को कम करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पीजीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ट्रॉमा एंड बर्न्स) ने स्वास्थ्य पेशेवरों के क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण के जरिए देश में ट्रॉमा और बर्न देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाने के राष्ट्रीय प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

एसजीपीसी सम्मानित करेगी UPSC में सफल 11 सिख विद्यार्थियों को, प्रत्येक को 1 लाख रुपये की राशि भेंट

सिख नौजवान उच्च पदों पर पहुंचकर गुरमत विचारधारा के अनुसार निभाएं सेवाएं: एडवोकेट धामी

पैग़ाम-ऐ-जगत
अमृतसर, 24 अक्टूबर
(हरमिंदर नागपाल)



वर्ष 2025 की यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए चुने गए 11 सिख विद्यार्थियों को आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा एक-एक लाख रुपये की नकद SGPC राशि से सम्मानित किया गया। सिख कौम की प्रतिनिधि धार्मिक संस्था एसजीपीसी का यह प्रयास होनहार सिख नौजवानों की हौसला-अफजाई करने के साथ-साथ उन्हें सिख सिद्धांतों पर पहरा देते हुए कौम और देश की सेवा के लिए प्रेरित करना है। सम्मानित किए गए 11 सिख विद्यार्थियों में सिमरनदीप कौर, रसनीत कौर, सुनावरदीप सिंह, नवनीत कौर, मनप्रीत कौर, सरबराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह सोढ़ी, जपलीन कौर, जसप्रीत कौर, कंवरपाल सिंह और संदीप सिंह शामिल हैं। सम्मानित करने के अवसर पर संबोधित करते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए चुने गए सिख विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और माता-पिता के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सफल विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी बधाई के पात्र हैं। एडवोकेट धामी ने कहा कि सिख संस्था का यह प्रयास जहाँ इन विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और उपलब्धि का सम्मान है, वहीं सिख युवा पीढ़ी को उच्च शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि गुरमत के सेवा, सच्चाई, विनम्रता और लोक भलाई के सिद्धांत से प्रेरणा लेकर प्रशासनिक सेवाओं में प्रवेश करने वाले इन विद्यार्थियों ने जहाँ अपने माता-पिता और अध्यापकों का मान बढ़ाया है, वहीं पूरी कौम के लिए भी इनकी उपलब्धि बड़े गर्व की बात है। इनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य तय करने, दृढ़ इरादे से मेहनत करने और अपनी योग्यता को समाज की सेवा के लिए समर्पित करने का संदेश देती है। एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि उच्च पदों पर पहुँचने वाले सिख नौजवान सिखी के 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' के सिद्धांत के अनुसार ईमानदारी और निष्पक्षता से अपनी सेवाएं निभाने का प्रण लें। उन्होंने गुरु के चरणों में अरदास की कि ये नौजवान गुरमत से जुड़े रहें और देश व समाज की भलाई के लिए अपनी जिम्मेदारी पूरी तन्मयता से निभाएं।

एडवोकेट धामी ने कहा कि एसजीपीसी सिख विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए चंडीगढ़ स्थित 'निश्चय प्रशासनिक सेवाएं अकादमी' के माध्यम से हर साल 25 योग्य सिख विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है। इस कार्य के लिए उच्च पदों पर रहे पूर्व आईएएस अधिकारियों की सेवाएं भी ली जा रही हैं। इसी तरह जत्थेदार गुरचरण सिंह टौहरा इंस्टीट्यूट बहादुरगढ़ पटियाला में भी न्यायिक सेवाओं की तैयारी के लिए हर साल 25 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का प्रबंध है।

एडवोकेट धामी ने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य आर्थिक तंगी के कारण पीछे रह जाने वाले होनहार सिख विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी अपनी आवश्यकतानुसार देश के किसी भी शहर में आगे की तैयारी कर सकते हैं, जिसके लिए एसजीपीसी सहयोग करेगी। इसी दौरान विद्यार्थियों और उनके माता-पिता ने एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी का धन्यवाद करते हुए कहा कि सिखों की प्रतिनिधि संस्था की तरफ से मिला यह सम्मान उनके लिए अनमोल है, जो बच्चों को गुरु आशय के अनुसार सेवाएं करने के लिए हमेशा प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि सिख संस्था का यह प्रयास अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। इससे पहले एसजीपीसी के सचिव स. बलविंदर सिंह काहलों ने बच्चों और माता-पिता को बधाई दी और एसजीपीसी द्वारा किए जाने वाले कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि सिख संस्था अपनी स्थापना की भावना के अनुसार जहाँ गुरुद्वारा साहिबान का प्रबंध देखती है, वहीं शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और लोक भलाई के कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाती है।

ओरल हेल्थ साइंसेज सेंटर में ऑर्थोग्नैथिक सर्जरी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य आयोजन

चंडीगढ़, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ के ओरल हेल्थ साइंसेज सेंटर द्वारा 23 से 25 अक्टूबर, 2026 तक ऑर्थोग्नैथिक सर्जरी पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, चिकित्सकों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य जबड़े और चेहरे की गंभीर संरचनात्मक विकृतियों के सुधार से संबंधित नवीनतम तकनीकों और उपचार पद्धतियों पर चर्चा करना है।

ऑर्थोग्नैथिक सर्जरी आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से जबड़े और दांतों की उन गंभीर संरचनात्मक अनियमितताओं का उपचार किया जाता है, जिन्हें केवल ब्रेसेज़ के माध्यम से ठीक करना संभव नहीं होता। चेहरे की सुंदरता और समरूपता में सुधार के साथ-साथ यह सर्जरी दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाली कई शारीरिक समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जबड़ों को उचित स्थिति में लाने से दांतों के बीच बेहतर तालमेल, भोजन चबाने की क्षमता, बोलने की स्पष्टता और दीर्घकालिक मौखिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

- **इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में देशभर से 150 से अधिक विशेषज्ञों, चिकित्सकों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने लिया भाग**

इसके अतिरिक्त, यह ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (नींद के दौरान सांस लेने में रुकावट) तथा टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट संबंधी विकारों जैसी समस्याओं के उपचार में भी उपयोगी है। इस प्रकार, यह प्रक्रिया मरीजों की कार्यक्षमता, जीवन की गुणवत्ता और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में योगदान देती है।

कार्यशाला को देशभर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और इसमें 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने ऑर्थोडॉन्टिक उपचार तथा शल्य चिकित्सा के समन्वय से जुड़े जटिल पहलुओं को समझने और अपने नैदानिक कौशल को उन्नत करने का अवसर प्राप्त किया।

कार्यशाला के पहले दिन का प्रमुख आकर्षण ओरल हेल्थ साइंसेज सेंटर में मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. विद्या रतन द्वारा की गई लाइव सर्जरी का प्रदर्शन रहा। लाइव सर्जिकल प्रसारण के माध्यम से प्रतिभागियों को जबड़े की जटिल संरचनात्मक विकृतियों के सुधार की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखने और विशेषज्ञों से संवाद करने का अवसर मिला। इस सत्र में आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीकों, सर्जरी की योजना बनाने तथा मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से संबंधित महत्वपूर्ण व्यावहारिक जानकारियां साझा की गईं।

कार्यशाला के दौरान आयोजित वैज्ञानिक सत्रों में ओरल हेल्थ साइंसेज सेंटर के डॉ. संजीव वर्मा, डॉ. विनय कुमार और डॉ. राज कुमार वर्मा तथा हैदराबाद के डॉ. श्रीनिवास गोसला रेड्डी ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में संवादात्मक व्याख्यानों, विभिन्न मामलों के मूल्यांकन और बहुविषयक उपचार-योजना सत्रों के माध्यम से ऑर्थोडॉन्टिक्स तथा मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। चर्चा का मुख्य केंद्र चेहरे की सुंदरता में सुधार, उपचार के बाद संरचनात्मक स्थिरता तथा मरीजों को बेहतर कार्यात्मक परिणाम प्रदान करना रहा।

इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी, इंडियन ऑर्थोडॉन्टिक सोसाइटी के चंडीगढ़ स्टडी ग्रुप तथा एसोसिएशन ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन्स ऑफ इंडिया के चंडीगढ़ चैप्टर ने कार्यशाला में हुई उच्चस्तरीय वैज्ञानिक चर्चाओं पर संतोष व्यक्त किया। इन संस्थाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेषज्ञ संकाय सदस्यों और प्रतिभागियों के योगदान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

पेज एक का शेष

30 स्वर्ण, 35...

भारत के कई अन्य खिलाड़ियों ने भी गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज जीतकर टीम को मजबूती प्रदान की। पैरा शूटिंग में मोना अग्रवाल ने महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन एसएच1 में 357.5 स्कोर के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड पर कब्जा किया। यह उनके गेम्स का दूसरा गोल्ड था। शूटिंग में भारत को कुल 5 मेडल मिले, जिसमें मोना का डबल गोल्ड सबसे शानदार रहा।

250त्र टैरिफ की...

साथ ही, भारत ने ट्रम्प के इस दावे को लगातार खारिज किया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान 11 विमान गिराए गए थे। भारत यह भी साफतौर पर कह चुका है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं थी।

'हमने मिलकर एक...

और एक ऐसी जगह की तलाश की कहानी है जिसे 'घर' कहा जा सके।' 'मैं इसे आप लोगों के साथ साझा करने के लिए बहुत उत्साहित हूँ। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में, सोनिया गांधी अपनी किताब की पहली प्रतियां (कॉपी) लेती हुई और अपनी बेटी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ मिठाइयां बांटती हुई दिखाई दे रही हैं। वीडियो में दोनों एक-दूसरे को गले लगाती हुई भी नजर आ रही हैं। यह किताब 10 नवंबर को रिलीज होने वाली है और इसके लिए प्री-ऑर्डर शुरू हो चुके हैं; भारत में इसे हार्परकॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।

भारत का मोस्ट...

कई टीमें गैंगस्टर हिमांशु भाऊ की अमेरिका में तलाश कर रही थीं। तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर लास वेगास में उसका ठिकाना पता लगाया गया। इसके बाद अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसकी लोकेशन शेयर की गई, जिन्होंने गुरुवार शाम उसे गिरफ्तार कर लिया।

तेज़ रफ़्तार कार...

मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों में दो पुरुष, तीन महिलाएँ और एक बच्चा शामिल है। हादसे में एक बच्ची भी घायल हुई है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

तिलक और नीतीश...

अर्शदीप ने 18वें ओवर में फिलिप्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। फिलिप्स ने 43 गेंदों में 70 रन बनाए, जिसमें चार छक्के और चार चौके शामिल थे। 19वें ओवर में नीतीश रेड्डी ने जैकब्स को आउट किया; जैकब्स ने 40 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था। क्रीज पर आते ही माइकल ब्रेसवेल ने एक छक्का लगाया।

आखिरी ओवर में प्रिंस यादव ने केवल नौ रन दिए। भारत की ओर से, अर्शदीप ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि प्रिंस यादव ने 30 रन देकर एक विकेट हासिल किया। भुवनेश्वर कुमार ने अपने चार ओवरों में 50 रन देकर एक विकेट लिया।

पीआरटीसी, पनबस और...

बताया कि अपनी जायज मांगों को लेकर सरकार से लिखित आदेश मिलने के बाद ही उन्होंने आंदोलन वापस लेने का फैसला किया।

इससे पहले, कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पटियाला में पीआरटीसी मुख्यालय का दौरा किया और विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद, परिवहन मंत्री ने कहा कि बातचीत बहुत सकारात्मक माहौल में हुई और सरकार ने कर्मचारियों की जायज मांगों को मानकर इस मुद्दे को सुलझा लिया है।

अमृतसर में बारिश...

फसल तैयार करने के लिए किसानों को बीज, खाद, कीटनाशक, डीजल और मजदूरी पर भारी खर्च करना पड़ता है। यदि मौसम की मार से फसल खराब होती है तो किसानों की आमदनी पर सीधा असर पड़ता है और उनके लिए खेती की लागत निकालना भी मुश्किल हो जाता है। किसानों ने कहा कि बारिश के कारण मंडियों में पड़े धान की संभाल और उठान की समस्या भी गंभीर हो सकती है। यदि मंडियों में रखा धान बारिश की चपेट में आता है तो उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने का खतरा रहता है। इसके अलावा, बारिश के कारण खरीद और उठान का काम रुकने से किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए और इंतजार करना पड़ सकता है। मंडियों में पहले से ही धान की उठान को लेकर बनी स्थिति के बीच मौसम खराब होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने मांग की कि कृषि विभाग के अधिकारी प्रभावित खेतों का जायजा लें और फसलों को हुए नुकसान का सही आकलन करें। उन्होंने कहा कि यदि फसलों को नुकसान हुआ है तो प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही किसानों ने मंडियों में पड़े धान को बारिश से बचाने के लिए उचित प्रबंध करने और फसल की उठान में तेजी लाने की मांग की, ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

लुवास में बीवीएससी एंड एएच प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

पैग़ाम-ऐ-जगत
हिसार(दिनकर गावड़ी)



लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के पशु चिकित्सा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के बीवीएससी एंड एएच (पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के संरक्षण में किया गया। इसका उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, नियमों, सुविधाओं तथा विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाना था। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) अनीश यादव मुख्य अतिथि तथा विद्यार्थी कल्याण एवं संपदा अधिकारी डॉ. संदीप गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अनीश यादव ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के माध्यम से प्रतिष्ठित महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं नोबल पेशा है। यह केवल उन मूक जीवों के उपचार तक सीमित नहीं है, जो अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकते, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट पशु चिकित्सक बनाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक अवसर एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप गुप्ता ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के परिसर जीवन, छात्रावास सुविधाओं, छात्र सहायता सेवाओं तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय में उनकी सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने रैगिंग और उत्पीड़न के प्रति विश्वविद्यालय की शून्य-सहिष्णुता नीति के बारे में भी बताया। इस अवसर पर डॉ. सोनिया सिंधु, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग की अध्यक्ष, ने लैंगिक संवेदनशीलता के माध्यम से यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। पशु चिकित्सा विकृति विज्ञान विभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास नेहरा ने एमएसवीएस के नियमों एवं विनियमों की जानकारी दी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विजय जे. जाधव ने परीक्षा प्रणाली, परीक्षा पैटर्न तथा संबंधित नियमों से अवगत करवाया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. दीपक तिवारी ने विद्यार्थी जीवन में पुस्तकालय के महत्व तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। एनसीसी की एएनओ डॉ. अर्चना ने पशु चिकित्सा विद्यार्थियों के जीवन में एनसीसी एवं आरवीसी की भूमिका पर प्रकाश डाला। खेल गतिविधियों के समन्वयक डॉ. अंशुल लाठर ने महाविद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न खेल गतिविधियों के बारे में बताया। छात्रावास वार्डन डॉ. परवीन सांगवान ने छात्रावास के नियमों एवं अनुशासन संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी, जबकि सहायक अधिष्ठाता छात्र कल्याण (सांस्कृतिक गतिविधियां) डॉ. तेज प्रकाश ने महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं नाट्य गतिविधियों से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने डॉ. नीलेश सिंधु, डॉ. तेज प्रकाश तथा डॉ. दीपिन चंदर के साथ महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, क्लीनिकों तथा पशु फार्म का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण सुविधाओं की जानकारी दी गई।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

मेरठ, उत्तर प्रदेश की संगत ने तप अस्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में माथा टेका



पैग़ाम-ऐ-जगत
हरोली/ऊना, 24 अक्टूबर (राजवीर चोपड़ा)

श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक धर्म अस्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में मेरठ, उत्तर प्रदेश से संगत माथा टेकने पहुंची। संगत में बेगमपुरा धाम, कंकरखेड़ा, मेरठ से संत राम कुमार असनावड़े जी सहित अन्य संत-महापुरुष भी गुरु घर पहुंचे।

बाबा नरेश सिंह जी ने संगत को गुरबाणी और गुरु घर के इतिहास से जोड़ते हुए जानकारी दी। संगत ने गुरु घर में चल रही कार सेवा के लिए भी योगदान दिया। इस अवसर पर बाबा केवल सिंह, बाबा नरेश सिंह और बाबा सुखदेव सिंह जी ने संत-महापुरुषों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर महात्मा चमन दास, महात्मा जतिंदर दास, महात्मा ब्रह्मदास, महात्मा रमन दास, महात्मा कैलाश दास, महात्मा सतपाल दास, महात्मा गोपाल दास, महात्मा सेवादास, महात्मा महेश दास, महात्मा जमुना दास और बीबी बबीता सैनी जी उपस्थित रहे।

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ करनाल पुलिस की कार्रवाई, 68 बोतल अवैध शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल, 24 अक्टूबर (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना बुटाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 68 बोतल अवैध शराब बरामद की है। थाना बुटाना के प्रबंधक निरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरेंद्र सिंह पुत्र नाथी सिंह, निवासी जगतारपुरा, अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को काबू किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी गांव लतरो में खुर्दा लगाकर अवैध रूप से शराब बेच रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से अवैध शराब बरामद की। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से कुल 68 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बुटाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि अवैध शराब की बिक्री से जुड़े अन्य लोगों, सप्लायरों एवं सहयोगियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा सके। करनाल पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति अवैध शराब या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री अथवा तस्करी करता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या डायल-112 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

बीहरू उपतहसील भवन के उद्घाटन पर विधायक विवेक शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

- **पेयजल, सिंचाई, पर्यटन और औद्योगिक विकास को लेकर बताईं प्राथमिकताएं, युवाओं के लिए सुविधाएं बढ़ाने पर जोर**





बंगाणा (ऊना), 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बीहरू में 2.47 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उपतहसील कार्यालय भवन का शनिवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला से वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा (विक्कू) ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। नया भवन लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा।

विधायक ने कहा कि बंगाणा क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान के लिए भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से पानी उठाने की अनुमति मिलना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे क्षेत्र की पेयजल जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से तुरकाल-पंगा पेयजल आपूर्ति योजना का कार्य जारी है, जिसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा मंदली क्षेत्र के लिए 46 करोड़ और लठियाणी क्षेत्र के लिए 36 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

हर पंचायत में जिम, पार्क और स्टडी रूम की योजना

विवेक शर्मा ने कहा कि युवाओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रत्येक पंचायत में जिम और पार्क विकसित करने तथा गलियों में सोलर लाइटें लगाने की योजना पर काम किया जा रहा है। पंचायत घरों में इंटरनेट सुविधा से युक्त रीडिंग कम स्टडी रूम बनाने का भी प्रस्ताव है, ताकि युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी स्थानीय स्तर पर कर सकें। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शिक्षा में सहयोग देना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

गोविंद सागर झील में पर्यटन और औद्योगिक विकास पर जोर

विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। गोविंद सागर झील और आसपास के क्षेत्रों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। अंद्रौली में प्रवेश द्वार बनाने और मंदिर तक जाने वाले रास्ते को बेहतर करने के साथ वाटर स्पोर्ट्स के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया जा रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। औद्योगिक विकास के लिए करीब 300 कनाल भूमि चिह्नित की गई है, जहां लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य करवाने की योजना है।

बिजली-पेयजल व्यवस्था होगी मजबूत

विधायक ने बताया कि पिछले दो वर्षों में क्षेत्र में 75 ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं और विद्युत बोर्ड को करीब 40 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए 200 से अधिक मोटरें स्थापित की गई हैं। इसके अतिरिक्त डीएसपी कार्यालय खोलने, स्कूलों और अस्पतालों में आवश्यक स्टाफ उपलब्ध करवाने तथा डी-नोटिफाई किए गए पटवार सर्कलों को बहाल करवाने के प्रयास किए जाएंगे। बंगाणा में नकल शाखा खोलने के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक सहमति जताई है। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति बनाने का मुद्दा भी सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। कार्यक्रम में किसान मोर्चा अध्यक्ष देशराज मोदगिल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक सचिन हिरेमठ, एसडीएम सोनू गोयल, तहसीलदार अमित शर्मा, बीडीओ के. एल. वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन पर टाहलीवाल में स्वास्थ्य शिविर; 100 से अधिक लोगों की जांच

पैग़ाम-ऐ-जगत/हरोली/ऊना
24 अक्टूबर (राजवीर चोपड़ा)

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर आज टाहलीवाल में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रयास सोसायटी द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से शिविर में 100 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई।



शिविर में स्वास्थ्य टीम ने लोगों की स्वास्थ्य समस्याएं सुनीं, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा जरूरतमंद लोगों को दवाइयां उपलब्ध करवाईं। लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने, संतुलित आहार लेने और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं ने केक काटा और अनुराग सिंह ठाकुर की दीर्घायु की कामना की।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजना कुमारी ने अनुराग ठाकुर को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर जिस तरह अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं, उससे विकास को और भी तेज गति से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने अनुराग ठाकुर की लंबी आयु की कामना भी की। वहीं, भाजपा नेता कमल सैनी ने भी अनुराग ठाकुर को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की।

शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि, मनीष, निहाल सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राज कुमार मल्ली तथा आशा वर्करों ने सेवाएं प्रदान कीं। ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा, प्रयास सोसायटी और स्वास्थ्य टीम का आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सतपाल सिंह सत्ती का कुशलक्षेम जाना



ऊना, 24 अक्तूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती के आवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। सतपाल सिंह सत्ती इन दिनों स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

विधायक कुलजीत रंधावा ने जीरकपुर में 97 लाख रुपये की लागत से बनने वाली लिंक सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई

जीरकपुर, 24 अक्टूबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

हलका विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने आज जीरकपुर के पीरमुच्छला में डीमार्ट से गुरजीवन विहार, ढकोली तक लगभग 97 लाख रुपये की लागत से बनने वाली लिंक सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। नगर परिषद जीरकपुर द्वारा निर्मित की जाने वाली इस सड़क से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलने के साथ-साथ क्षेत्र की संपर्क व्यवस्था भी बेहतर होगी। इस अवसर पर विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कों का सुव्यवस्थित निर्माण शहरी क्षेत्रों में यातायात को सुचारू बनाने के साथ-साथ लोगों के दैनिक जीवन को भी सुविधाजनक बनाता है।



उन्होंने कहा कि इस लिंक सड़क के निर्माण से पीरमुच्छला और गुरजीवन विहार, ढकोली के निवासियों को आने-जाने के लिए बेहतर मार्ग उपलब्ध होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर नगर परिषद जीरकपुर के अध्यक्ष स. गुरप्रीत सिंह विरक, पार्षद श्री संजीव बंसल, श्री पुनीत सिंगला, संबंधित अधिकारी तथा अन्य स्थानीय सदस्य उपस्थित थे।

लुवास के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक दौरा, पुलिस डॉग स्क्वॉड और दवा निर्माण प्रक्रिया की ली जानकारी

पैग़ाम-ऐ-जगत
हिसार (दिनकर गावड़ी)

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के चौथे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक दौरे का आयोजन किया गया। यह दौरा माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन तथा पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) अनीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र स्थित डॉग के-9 स्क्वॉड केंद्र और करनाल स्थित कारस लैबोरेटरीज का दौरा कर व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।



दौरे के पहले चरण में विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र स्थित डॉग के-9 स्क्वॉड केंद्र में पुलिस कार्यों में प्रशिक्षित श्वानों की भूमिका को समझा। यहां उन्होंने जाना कि प्रशिक्षित श्वान किस प्रकार मादक पदार्थों और विस्फोटकों की पहचान करने तथा अपराधों की जांच में पुलिस की सहायता करते हैं। इस दौरान हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के चार नार्को डॉग, स्टेट क्राइम ब्रांच का एक ट्रैकर डॉग और सीआईडी का एक विस्फोटक पहचानने वाला डॉग शामिल रहा। प्रशिक्षित श्वानों ने परिसर, वाहनों और सामान की तलाशी लेकर अपनी कार्यक्षमता का प्रदर्शन किया। विस्फोटक पहचानने वाले श्वान ने रुमाल सर्च का अभ्यास भी किया। विद्यार्थियों ने श्वानों के प्रशिक्षण, उनकी कार्यप्रणाली और प्रशिक्षकों के साथ उनके तालमेल को करीब से देखा।

दौरे के दूसरे चरण में विद्यार्थियों ने करनाल स्थित कारस लैबोरेटरीज के विनिर्माण संयंत्र का भ्रमण किया। यहां उन्होंने दवाओं के निर्माण से जुड़े विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के प्रमुखों से बातचीत की। विद्यार्थियों को विभिन्न दवा-निर्माण प्रक्रियाओं, दवाओं के अलग-अलग स्वरूप तैयार करने तथा उन्हें बाजार तक पहुंचाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिली। इस भ्रमण से उन्हें कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला।

विद्यार्थियों के इस समूह का नेतृत्व पशु चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या अग्निहोत्री तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. गौरव चराया ने किया। इस शैक्षिक दौरे से विद्यार्थियों को पुलिस कार्यों में प्रशिक्षित श्वानों की उपयोगिता और दवा निर्माण की औद्योगिक प्रक्रिया को समझने का महत्वपूर्ण अवसर मिला।

एम.एस.पी. पर धान खरीद को लेकर सरकार प्रतिबद्ध, किसानों की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम : अशोक सैनी

- **24.93 लाख मीट्रिक टन धान की हो चुकी खरीद, किसानों के खातों में 3,447 करोड़ रुपये हस्तांतरित**

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

भाजपा हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने और धान का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। खरीफ धान खरीद सीजन 2026-27 के दौरान प्रदेश सरकार ने मंडियों में खरीद, उठान, भुगतान और किसानों की सुविधाओं को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में परेशानी का सामना न करना पड़े।



उन्होंने बताया कि धान खरीद सीजन 29 सितंबर 2026 से शुरू हुआ है। भारत सरकार ने धान खरीद का लक्ष्य 58 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है। उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 21 अक्टूबर 2026 तक प्रदेश की मंडियों और खरीद केंद्रों पर लगभग 30.26 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 24.93 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खरीदे गए धान में से लगभग 75 प्रतिशत उठान भी किया जा चुका है। अशोक सैनी ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार किसानों के बैंक खातों में अब तक लगभग 3,447 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए अतिरिक्त खरीद केंद्र खोले जा रहे हैं और अधिकारियों को खरीद व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से काम कर रही है। मंडियों में वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने, खरीद केंद्रों का निरीक्षण करने और 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के सत्यापन में तेजी लाने जैसे कदम उठाए गए हैं। सीमावर्ती राज्यों से आने वाले अनधिकृत धान की रोकथाम के लिए भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिले और खरीद प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित एवं सुगम बनी रहे। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन, खरीद एजेंसियों और मंडी अधिकारियों के आपसी समन्वय से धान खरीद सीजन को सफलतापूर्वक पूरा किया जाएगा।

घर बैठे कमाई और ज्यादा मुनाफे के लालच में न आएं, फर्जी ट्रेडिंग ऐप से रहें सावधानः एसपी विनोद कुमार

- **सोशल मीडिया पर निवेश के नाम पर साइबर ठगी का खतरा, बिना जांच-पड़ताल किसी ऐप या योजना में पैसा न लगाएं**

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार के दिशा-निर्देशानुसार हांसी पुलिस द्वारा आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। एसपी विनोद कुमार ने लोगों से अपील की कि वे घर बैठे कमाई, ऑनलाइन ट्रेडिंग और म्यूचुअल फंड में कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में न आएं। साइबर ठग फर्जी मोबाइल ऐप, वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को निवेश के नाम पर अपना शिकार बना रहे हैं।



एसपी ने बताया कि ठग व्हाट्सऐप और टेलीग्राम ग्रुप में निवेश विशेषज्ञ बनकर लोगों को फर्जी टिप्स और मुनाफे के स्क्रीनशॉट भेजते हैं। शुरुआत में छोटी रकम पर मुनाफा दिखाकर विश्वास जीता जाता है। इसके बाद लोगों से बड़ी रकम निवेश करवाई जाती है। जब पीड़ित अपना पैसा निकालने का प्रयास करता है, तो टैक्स, कमीशन या अन्य शुल्क के नाम पर अतिरिक्त पैसे मांगे जाते हैं।

उन्होंने कहा कि बिना मेहनत मोटी कमाई और निश्चित मुनाफे का दावा करने वाली योजनाओं से सावधान रहें। किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए लिंक से ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड न करें। शेयर बाजार में निवेश से संबंधित ब्रोकर या संस्था का पंजीकरण SEBI की आधिकारिक वेबसाइट पर जांचने के बाद ही निवेश करें।

एसपी ने लोगों को सलाह दी कि किसी अनजान व्यक्ति के बैंक खाते या निजी यूपीआई आईडी पर निवेश के नाम पर पैसे ट्रांसफर न करें। अपना ओटीपी, एटीएम पिन, यूपीआई पिन और बैंकिंग पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। किसी के कहने पर मोबाइल में अनजान ऐप इंस्टॉल करने या स्क्रीन शेयरिंग की अनुमति देने से भी बचें। सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले मुनाफे के स्क्रीनशॉट को वास्तविक कमाई का प्रमाण न मानें और असामान्य रूप से अधिक रिटर्न के दावों पर भरोसा न करें।

एसपी विनोद कुमार ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन निवेश या ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या आधिकारिक वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करवाएं। पीड़ित व्यक्ति बैंक ट्रांजेक्शन आईडी, भुगतान की रसीद, बैंक संदेश और संबंधित स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखें तथा अपने बैंक को भी तुरंत सूचित करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी निवेश योजना में पैसा लगाने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल करें और साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहें। जागरूकता और सावधानी ही ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को देश की समृद्ध सभ्यता एवं संस्कृति से जोड़ने का शानदार मंच है राखीगढ़ी महोत्सव : कृष्ण लाल मिढ़ा

- **डिप्टी स्पीकर ने महोत्सव का किया दौरा, बचपन की यादें ताजा कर कुल्फी का लिया स्वाद और बच्चों के साथ खाई पकौड़ियां**

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिढ़ा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने हड़प्पा सभ्यता की प्राचीन वस्तुओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों तथा उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी महोत्सव बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को देश की समृद्ध सभ्यता एवं संस्कृति से जोड़ने का शानदार मंच है।



कृष्ण लाल मिढ़ा ने कहा कि राखीगढ़ी की ऐतिहासिक विरासत लगभग पांच हजार वर्ष पुरानी सभ्यता के रहन-सहन, पहनावे, आभूषणों, कृषि और सामाजिक व्यवस्था की जानकारी देती है। यह स्थल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश की गौरवशाली धरोहर है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि पहले राखीगढ़ी महोत्सव तीन दिन तक आयोजित होता था, लेकिन राज्य सरकार ने इसकी अवधि बढ़ाकर सात दिन कर दी है। इससे पर्यटकों, इतिहासकारों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों को इस ऐतिहासिक स्थल को करीब से जानने का अधिक अवसर मिल रहा है।

डिप्टी स्पीकर ने स्टॉल संचालकों से बातचीत करते हुए कहा कि महोत्सव में स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाने के विजन को साकार करने में मददगार है। इससे स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं बिक्री के लिए बेहतर मंच मिलता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राखीगढ़ी में संग्रहालय, विश्राम गृह और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। सरकार विरासत संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। कृष्ण लाल मिढ़ा ने कहा कि संत-महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने से समाज में सद्भाव, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशामुक्त बनाने के अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अभिभावकों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी जरूरी है। महोत्सव के दौरान डिप्टी स्पीकर ने मेले का आनंद लेते हुए स्टॉल से कुल्फी खरीदी और उसकी चुस्की ली। उन्होंने बच्चों के साथ एक ही प्लेट में पकौड़ियां भी खाईं। उनके इस सहज अंदाज ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने लोगों से महोत्सव में पहुंचकर अपनी ऐतिहासिक धरोहर को जानने और उसके संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया।

सीआईए असंध की कार्रवाई, दुकान का शटर तोड़कर 6 लाख रुपये चोरी करने के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
24 अक्टूबर (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में चोरी, सेंधमारी तथा अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए असंध इंचार्ज उप निरीक्षक सलिन्दर कुमार के नेतृत्व में मुख्य सिपाही राजेंद्र सिंह की टीम ने दुकान का शटर तोड़कर करीब 6 लाख रुपये की नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रवीण पुत्र उमादत्त निवासी गांधार, जिला रोहतक के रूप में हुई है।

इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि थाना निसिंग में खड्ग सिंह पुत्र मोहन लाल निवासी निसिंग की शिकायत पर दिनांक 8 सितंबर 2026 को चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि ओरिएंटल बैंक के पास उसकी कपूर जनरल स्टोर के नाम से कपड़े की दुकान है। दिनांक 7 अगस्त 2026 की रात को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह दुकान पर पहुंचने पर शटर टूटा हुआ मिला। दुकान की जांच करने पर गल्ले में रखी करीब 6 लाख रुपये की नकदी चोरी होने का पता चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए असंध की टीम ने उप निरीक्षक सलिंदर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पहले दो आरोपियों नरेन्द्र पुत्र नरेश निवासी बेरीखेड़ा, थाना पिल्लूखेड़ा, जिला जींद तथा हरीकेश उर्फ केसू पुत्र संजय निवासी कबूलपुर, थाना शिवाजी कॉलोनी, जिला रोहतक को हाईवे 152-डी, असंध-जींद रोड पर गांव बाहरी के रकबे में थाना असंध क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा नगदी व चोरी के रुपयों से खरीदी गई एक गाड़ी बरामद की थी।

इसी मामले में सीआईए असंध की टीम ने अब तीसरे आरोपी प्रवीण पुत्र उमादत्त निवासी गांधार, जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर मामले से संबंधित अन्य तथ्यों का पता लगाने तथा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

चार साल में 136 मैराथन और मिनी मैराथन में दौड़े डॉ. विर्क, युवाओं के लिए बने मिसाल

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
24 अक्टूबर (प्रवीण वालिया)

आमतौर पर डॉक्टर मरीजों का इलाज कर उन्हें स्वस्थ जीवन जीने की सलाह देते हैं, लेकिन करनाल के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बलवीर सिंह विर्क ने खुद की जीवनशैली में बदलाव कर दूसरों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। कभी बढ़ते वजन और शुगर व बीपी जैसी समस्याओं से चिंतित रहे डॉ. विर्क ने अपनी दिनचर्या में दौड़ने और नियमित व्यायाम को शामिल किया। आज 50 वर्ष से अधिक उम्र में भी उनका उत्साह युवाओं को स्वस्थ रहने की प्रेरणा दे रहा है।

- **शुगर और बीपी की समस्या से लिया सबक, लाइफस्टाइल में बदलाव कर अपनाई दौड़ने की आदत**



पिछले चार वर्षों में डॉ. विर्क चार देशों और देश के एक दर्जन से अधिक प्रमुख शहरों में आयोजित 11 फुल मैराथन और 125 मिनी मैराथन में हिस्सा ले चुके हैं। हाल ही में उन्होंने अमेरिका के शिकागो में आयोजित 42 किलोमीटर की मैराथन पूरी कर भारतीय तिरंगे का मान बढ़ाया। शिकागो में आयोजित इस मैराथन में करीब 55 हजार प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें शहर के ऐतिहासिक स्थलों को देखने का अवसर भी मिला। उनके साथ करनाल के राहुल चौधरी ने भी मैराथन में हिस्सा लिया। डॉ. विर्क ने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले उनका वजन बढ़ने लगा था और जीवनशैली से जुड़ी शुगर व बीपी की समस्याओं ने उन्हें अपनी सेहत के प्रति गंभीरता से सोचने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने अपनी दिनचर्या सुधारने और शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कर्ण स्टेडियम में दौड़ना शुरू किया। इस दौरान उनके मित्र और सहयोगी प्रवेश गाबा भी उनके साथ जुड़ गए। धीरे-धीरे यह प्रयास एक समूह में बदल गया और आज उनके साथ करीब 35 लोग नियमित रूप से इस गतिविधि से जुड़े हुए हैं।

डॉ. विर्क ने अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन सहित विभिन्न देशों तथा कोलकाता, दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में आयोजित मैराथन में भाग लेकर अपनी फिटनेस यात्रा को आगे बढ़ाया है। उनका कहना है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में कम से कम एक घंटा शारीरिक गतिविधियों के लिए निकालना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से उन्होंने जंक फूड और खानपान की कुछ अस्वस्थ आदतों को छोड़कर अपनी जीवनशैली में बदलाव किया है। उनके अनुसार, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या स्वस्थ रहने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सर्दियों में भी लोगों को अपनी क्षमता के अनुसार नियमित व्यायाम करना चाहिए। डॉ. विर्क का मानना है कि बदलाव की शुरुआत किसी भी उम्र में की जा सकती है। जब व्यक्ति अपनी सेहत के प्रति जागरूक होकर कदम उठाता है, तो वही कदम दूसरों के लिए भी प्रेरणा बन जाते हैं।

अग्रसेन भवन में भव्य 'रामायणी' कार्यक्रम संपन्न, गरबा और डांस बैटल ने बांधा समां

पैग़ाम-ऐ-जगत
हिसार (दिनकर गावड़ी)

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन, जिला हिसार की ओर से स्थानीय अग्रसेन भवन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रामायणी' का आयोजन किया गया। महिला शक्ति, भारतीय संस्कृति और कला के संगम से सजे इस कार्यक्रम में शहरभर से बड़ी संख्या में महिलाओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों, गरबा, डांस बैटल और सौंदर्य प्रतियोगिताओं ने आयोजन को यादगार बना दिया।

- **अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन जिला हिसार के आयोजन में महिला शक्ति, संस्कृति और कला का दिखा अनूठा संगम**



कार्यक्रम का आयोजन समिति की प्रधान एकता गर्ग एवं महामंत्री प्रेम अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। विधायक सावित्री जिंदल की ओर से उनके प्रतिनिधि जगदीश जिंदल और ललित शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नलवा विधायक रणधीर पनिहार के पुत्र भूपेंद्र पनिहार, एडीसी शालिनी चेतल तथा पार्षद संजय डालमिया और पवन खारिया ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष विपिन गोयल और हिसार जिला अध्यक्ष दीनदयाल गोरखपुरिया भी कार्यक्रम में पहुंचे।

'रामायणी' की प्रस्तुति ने मोहा मन

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'रामायणी' की शानदार मंचीय प्रस्तुति रही, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक पेश की। एंकर सौरभ ठकराल ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से कार्यक्रम में उत्साह बनाए रखा। पारंपरिक संगीत पर प्रस्तुत गरबा नृत्य ने भी खूब तालियां बटोरीं।

सौंदर्य प्रतियोगिता और डांस बैटल में दिखी प्रतिभा

महिलाओं के लिए आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिताओं में तीन खिताब दिए गए। परम सुंदरी का खिताब भूमि मेकओवर, दिव्य सुंदरी का खिताब शालू मेकओवर और स्वप्न सुंदरी का खिताब पूर्वी मेकओवर ने अपने नाम किया। वहीं, प्रोफेशनल कलाकारों के लिए आयोजित 'द डांस बैटल' में प्रतिभागियों ने अपने नृत्य कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो डांसर्स को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए, जहां लोगों ने खरीदारी और खानपान का आनंद लिया। आयोजन को सफल बनाने में रीटा गर्ग, कविता मित्तल, शिल्पा गुप्ता, मीनू सिंगला, अनामिका अग्रवाल, मंजू बंसल, कल्पना गुप्ता, आशा गुप्ता, रेनू मंगल और ममता केडिया सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने महिला सशक्तीकरण, सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश दिया। अंत में समिति की ओर से सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और शहरवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

विधायक योगेंद्र राणा ने लगभग 1 करोड़ 62 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

पैग़ाम-ऐ-जगत/असंध/ करनाल
24 अक्टूबर (प्रवीण वालिया)

असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने शनिवार को असंध विधानसभा के गांव पक्का खेड़ा, बांबरेहाड़ी, बाल राजपूतान और मोर माजरा में लगभग 1करोड़ 62 लाख 6 हजार के विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत उद्घाटन कर ग्रामवासियों को प्रदान किया। इस दौरान विधायक का ग्रामवासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। विधायक योगेंद्र राणा ने गांव पक्का खेड़ा में 39.5 लाख की लागत से हुए विकास कार्यों, गांव बांबरेहाड़ी में 28.10 लाख, गांव बाल राजपूतान में 65 लाख और गांव मोर माजरा में 20 लाख रुपये की लागत से तैयार नव निर्मित खेत के रास्ते का उद्घाटन और 10 लाख रुपये की लागत से सरकारी स्कूल के पीछे नव निर्मित गली निर्माण का उद्घाटन कर ग्रामवासियों को समर्पित किया।

- **असंध हल्के का सर्वांगीण विकास मेरा दायित्व : योगेंद्र राणा**



इस दौरान विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि इन विकास कार्यों के उद्घाटन से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा । इन विकास कार्यों से गांव में बुनियादी सुविधाओं को और मजबूती मिलेगी तथा ग्रामवासियों को लाभ होगा। हमारा उद्देश्य असंध विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को गति देना और जनसुविधाओं को बेहतर बनाना है।

विधायक योगेन्द्र राणा ने इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से असंध विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं के अनुसार विकास परियोजनाओं को मंजूरी दिलवाना और उन्हें धरातल पर साकार करवाना उनकी प्राथमिकता है।

विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि असंध विधानसभा क्षेत्र के गांवों और शहर में विकास कार्य लगातार जारी हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलें और असंध विकास के नए आयाम स्थापित करे। इस अवसर पर चेयरमैन मार्केट कमेटी प्रवीण राणा, बीडीपीओ उमेद सिंह, सरपंच मोर माजरा राजिंदर सिंह ,गांव मुनक सरपंच गौरव राणा, गोली सरपंच उमेद सिंह, ऋतिकबल्ला मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, जलमाना मंडल अध्यक्ष विजय राणा, असंध विधानसभा BLA 1 अमित राणा, जलमाना मंडल महामंत्री आशीष पांचाल, गांव पक्का खेड़ा सरपंच अशोक कुमार, गांव बाल राजपूतान सरपंच सुरजीत राणा सहित अन्य ग्रामवासी और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

करनाल पुलिस की कार्रवाई,आर्यन हत्याकांड के मामले में शामिल पांचवा आरोपी काबू

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, (प्रवीण वालिया)

पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए-1 स्टाफ इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक मदन सिंह की टीम ने आर्यन हत्याकांड में कार्रवाई करते हुए आरोपी हिमेश तनेजा उर्फ काकून निवासी शांति नगर, करनाल को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि दिनांक 12 अक्टूबर 2026 को थाना सिविल लाइन, करनाल में हत्या सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके चलते उक्त मामले में टीम द्वारा पहले चार आरोपीयान को गिरफ्तार किया जा था। मामले में जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी हिमेश तनेजा उर्फ काकून भी आर्यन की हत्या के मामले में इसकी संलिप्ता थी। जिसके आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया गया। सीआईए -1 स्टाफ करनाल की टीम ने देर शाम को कार्रवाई करते हुए आरोपी हिमेश तनेजा उर्फ काकून पुत्र चेतन तनेजा निवासी किरायेदार, गली नंबर 03, शांति नगर, थाना रामनगर, करनाल को रामनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ पहले भी लड़ाई-झगड़े का एक मामला दर्ज पाया गया है। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार माननीय अदालत में पेश किया जाएगा और मामले की गहन जांच तथा वारदात से संबंधित अन्य तथ्यों का पता लगाने के लिए पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

फाईट फार ह्यूमन राइट्स वैलफेयर की ओर से बीबी तरनजीत कौर को किया सम्मानित



नयां गांव, (पैग़ाम-ऐ-जगत)

फाईट फार ह्यूमन राइट्स वैलफेयर संस्था के अध्यक्ष जसबीर सिंह की अगुवाई मे बीबी तरनजीत कौर को नयां गांव नगर कांउसिल का तीसरी बार एम .सी की जीत पर सम्मानित किया गया। सम्मानित मौके उनके बेटे ऐडवोकेट रवनीत सिंह भी हाजिर थे। इस अवसर वैलफेयर ने बीबी तरनजीत कौर की ओर से पिछले समय दौरान की गई सेवाऐं की तारीफ की तथा उम्मीद भी की वह आगे भी इस तरह विकास व समाज भलाई के कामों को जारी रखेंगे । इस मौके बीबी तरनजीत कौर ने विशवास दिलाया कि वो पहले की तरह निर्पखता से लोगों की जरूरत अनुसार विकास तथा समाज भलाई के कामों को पहिल आधार पर करेंगे। इस अवसर फाइट फार ह्यूमन राइट्स वैलफेयर के अध्यक्ष जसबीर सिंह, वाईस अध्यक्ष जगजीत सिंह, वाईस प्रधान मोहाली परमजीत सिंह, जोध सिंह व मैंबर हाजिर थे।

पंजाब के मुद्दों के समाधान खोजने की बजाय विधानसभा को राजनीति चमकाने का मंच बना रही है आप व कांग्रेस : तीक्ष्ण सूद

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

विधानसभा के मौजूदा विशेष सत्र को आज दो दिन हो चुके है। पहले दिन मात्र 11 मिनट सत्र चलाकर सभा को स्थगित कर दिया गया ,दूसरा दिन नारेबाजी तथा बहिष्कारों की भेंट चढ़ गया तथा विधानसभा में जनता के हित के किसी मुद्दे पर गंभीरता से बातचीत नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद ने कहा कि विधानसभा का मंच विभिन्न दलों की राजनीती चमकाने के लिए नहीं बना है। विधानसभा का मंच पंजाब के मुद्दों पर विचार बटांदरा करके उसका समाधान ढूढ़ने के लिए है। एक दिन के सत्र को चलाने के लिए 117 विधानकों के दैनिक भत्ते ,यात्रा भत्ते ,पुलिस सुरक्षा ,बिजली ,सजिवालय का प्रशासन आदि पर लगभग 80 लाख से 1 करोड़ का खर्च आता है,जो बोझ पंजाब की जनता की खून पसीने की कमाई से भरे हुए टेक्सो से पूरा होता है ,उदहारण के तोर पर 11 मिनट चले पहले दिन के सत्र पर लगभग 1 करोड़ खर्च हुए यानि कि उस सत्र को चलाने का बोझ 9 लाख प्रति मिनट सरकार को झेलना पड़ा। उन्होने कहा कि विधानसभा में मौजूद दो प्रमुख पार्टियां आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस इन दिनों केवल राजनीती चमकाने में ही लगी रही तथा आरोप प्रत्यारोप में पूरा समय गवा रही है । अगर बारीकी से देखा जाए तो इन दिनों में पंजाब विधानसभा में कोई भी सकारात्मक चर्चा नहीं हुई ,जिससे पंजाब के लोगो का भला हो सके या पंजाब को उन्नत करने की दिशा में कोई ठोस फैसला लिया जा सके। श्री सूद ने कहा कि ऐसी स्थिति में लोकतांत्रिक व्यवस्था को कायम रखना एक गंभीर चुनौती बन गई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियां बाहर तो एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाती ही रहती है। परंतु पंजाब तथा पंजाब के लोगों के भले के लिए उन्हें विधानसभा के सत्र के दौरान ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए।

प्रकाश पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर

पैगाम-ऐ-जगत
रतिया, 24 अक्टूबर
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

चौथे पातशाह श्री गुरु रामदास साहिब महाराज जी के प्रकाश पर्व को लेकर श्री गुरु रामदास सेवा सोसायटी द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। इस संबंध में 25 अक्टूबर को गुरुद्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब, पुराना बाजार, रतिया में श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश किया जाएगा।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सोसायटी के सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि चौथे पातशाह श्री गुरु रामदास साहिब महाराज जी का प्रकाशोत्सव सोसायटी द्वारा संगत के सहयोग से हर वर्ष गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश किया जाएगा तथा 27 अक्टूबर को पाठ का भोग डाला जाएगा। इसके पश्चात गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक दीवान सजाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा साहिब में तैयारियां उत्साहपूर्वक की जा रही हैं। उन्होंने संगत से अपील की कि वे इस पावन धार्मिक समारोह में बढ़-चढ़कर शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करें। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान जगसीर सिंह, बंटी मोंगा, चरणजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, बलविंद्र सिंह, गुरविंद्र सिंह, सुखबीर सिंह, जज सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

भारवड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड, तलवाड़ा द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एआई प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर /दलजीत अजनोहा

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी), तलवाड़ा द्वारा मुख्य अभियंता राकेश गुप्ता के निर्देशों के तहत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग संबंधी जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से परिचित करवाना तथा कार्यालयीन कार्यों में एआई के प्रभावी उपयोग के माध्यम से कार्यकुशलता, समय प्रबंधन और कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाना था। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को एआई की विभिन्न क्षमताओं, इसकी कार्यप्रणाली तथा सरकारी एवं कार्यालयीन कार्यों में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि एआई की सहायता से कार्यालयीन जानकारी का विश्लेषण करने तथा प्रतिदिन किए जाने वाले अनेक दोहराव वाले कार्यों को अधिक सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकता है।



इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री राकेश गुप्ता ने कहा, 'आज के डिजिटल युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यालयीन कार्यों को अधिक तेज, सुचारू एवं प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभर रही है। इस तकनीक के उचित उपयोग से न केवल समय एवं संसाधनों की बचत की जा सकती है, बल्कि दस्तावेजों की तैयारी, जानकारी के विश्लेषण और निर्णय लेने की प्रक्रिया को भी अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकता है। बीबीएमबी में आधुनिक तकनीकों को अपनाने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कौशल को समय के अनुरूप विकसित करने के लिए इस प्रकार की प्रशिक्षण पहल अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि एआई का उपयोग करते समय जानकारी की सटीकता, डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एआई द्वारा तैयार की गई जानकारी की जांच एवं पुष्टि करने के बाद ही उसका कार्यालयीन कार्यों में उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एआई का जिम्मेदारीपूर्वक, सुरक्षित एवं उद्देश्यपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल को बीबीएमबी के कार्यालयीन कार्यों में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने तथा कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता श्री हरप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।

आंखों की बीमारियों के प्रति जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता पर विशेष चर्चा

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

आंखें मानव जीवन की सबसे अनमोल नेमतों में से एक हैं। आंखों की सही देखभाल, समय पर जांच और उचित उपचार से कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। इसी महत्वपूर्ण विषय को लेकर आंखों के माहिर डॉक्टर नवनीत गुलज़ार सिंह चग्गर के साथ वरिष्ठ संवाददाता दलजीत अजनोहा ने एक विशेष बातचीत की।



इस विशेष बातचीत के दौरान आंखों से संबंधित विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षणों, बचाव के उपायों और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही जरूरतमंद लोगों को आंखों के इलाज के लिए दी जाने वाली सहायता तथा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के प्रयासों के बारे में भी विचार साझा किए गए। बातचीत में इस बात पर जोर दिया गया कि आंखों की रोशनी से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। नियमित नेत्र जांच, चिकित्सक की सलाह का पालन और समय पर इलाज आंखों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस विशेष बातचीत का उद्देश्य लोगों को आंखों की सेहत के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता के लिए किए जा रहे प्रयासों को समाज के सामने लाना है। यह संवाद स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ समाज सेवा के महत्व को भी उजागर करता है।

चरनजीत कौर गिल पंजाब फुटबॉल एसोसिएशन की उपाध्यक्ष बनीं

पैग़ाम-ऐ-जगत
हुशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पंजाब फुटबॉल एसोसिएशन की हुई चुनाव में जिला हुशियारपुर की स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ आउटस्टैंडिंग मेरिट श्रेणी में फुटबॉल खिलाड़ी, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट और पिंड खड़ौदी की चरनजीत कौर गिल को पीएफए की उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने पर जिले के सभी फुटबॉल प्रेमियों, खिलाड़ियों तथा जिले के फुटबॉल क्लबों के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

नियुक्ति पत्र देते समय रिटर्निंग ऑफिसर, साबका एडीसी अवतार सिंह भुल्लर, जेसीटी के मालिक समीर थापर और टिक्का सतरूजीत सिंह कपूरथला ने अपने संबोधन में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन तथा पंजाब फुटबॉल एसोसिएशन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खिलाड़ियों को समिति में शामिल करने से हमारी बेटियों में खेलने की और अधिक प्रेरणा व उत्साह पैदा होगा कि हम भी इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं।



जिक्रयोग्य है कि चरनजीत कौर गिल, प्रसिद्ध फुटबॉल खेल प्रमोटर जथेदार इकबाल सिंह खेड़ा की बहन हैं। इस नियुक्ति पर खुशी जताते हुए हरप्रीत सिंह बैंस माहिलपुर, निर्मल सिंह भीलोवाल, लखवीर सिंह डांसीवाल, सेवानिवृत्त डीएसओ झरमल सिंह, कोच बंधन सिंह, प्रिंसिपल जगमोहन सिंह डांडियां, जसवीर सिंह भट्टी, प्रिंसिपल सुखविंदर सिंह बड्डों, संजीव कुमार पचनंगल, सरविंदर सिंह थींडा, कुलवंत सिंह गिल प्रधान गुरु की रसोई खैरड़ अच्छरोवाल, जगमोहन सिंह हवेली, जसकमल सिंह ढाड़ा कलां, रविंद्रपाल सिंह राय, डॉक्टर हरविंदर सिंह बाठ, अधिवक्ता जसवीर सिंह राय, मेजर सिंह सहोता, सरबजीत सिंह सहोता, परमजीत सिंह बाहोवाल, इंजीनियर तरलोचन सिंह संधू, सतनाम सिंह बंटी चग्गरां, सुखविंदर सिंह गिल, तरसेम भाई, सरपंच बलविंदर सिंह बैंस, प्रिंसिपल राम मूरती हुशियारपुर, बूटा सिंह कोट, तरलोचन सिंह सकरूली, बलकार सिंह संघा, जथेदार लख्खा सिंह पालदी, परमजीत सिंह रक्कड़, कुलदीप सिंह नंगल कलां, जसविंदर सिंह हवेली, परमजीत सिंप पंजौड़, हरजिंदर सिंह खालसा, सरपंच जरनैल सिंह पद्दी सूरा सिंह, राजविंदर सिंह पंच, अमरीक सिंह पंच, जसकीरत सिंह पंच, हरविंदर सिंह पूनियां, फौजी रतन सिंह, सुरजीत सिंह, अश्वनी पदराणा, जतिंदर सिंह बेदी, इंदरजीत सिंह गोंदपुर, परमजीत सिंह रक्कड़, बलजिंदर सिंह बैंस, कुलवंत सिंह बैंस, अमृतपाल सिंह बैंस, सतवीर सिंह नंगल, गुरजिंदर सिंह गोगा सरहाला कलां, सुखविंदर सिंह सुख्खा सरपंच सरहाला, अमनदीप सिंह बैंस गड़संकर, निरवैल सिंह भारता और लखवीर सिंह गणेशपुर ने चरनजीत कौर गिल को हार्दिक बधाई दी।

सिख एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष बनने पर गुरवीर सिंह बराड़ का विशेष सम्मान

पैग़ाम-ऐ-जगत
हुशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

इंजीनियर गुरवीर सिंह बराड़, जो इस समय सिख ह्यूमन डेवलपमेंट फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक के रूप में सराहनीय सेवाएं निभा रहे हैं, के सिख एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष चुने जाने के साथ सोसाइटी शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावशाली और सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह विचार मिसल शहीदां तरना दल के मुखी जथेदार स्वर्णजीत सिंह ने गुरुद्वारा शहीदां सिंघां में विशेष रूप से पधारे सिख एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार गुरवीर सिंह बराड़ के सम्मान समारोह में व्यक्त किए।



उन्होंने आगे कहा कि गुरवीर सिंह बराड़ स्वर्गीय गुरदेव सिंह बराड़ (आई.ए.एस.) के पुत्र हैं। गुरवीर सिंह बराड़ शिक्षा और सिख सिद्धांतों की गहरी समझ रखते हैं। गौरवमयी शिक्षा संस्था सिख एजुकेशनल सोसाइटी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए यह नई उपलब्धियों के अध्याय की शुरुआत है। एक शिक्षा-समर्पित नेता के रूप में सरदार गुरवीर सिंह बराड़ से शैक्षणिक संस्थाओं की मजबूती, नई नीतियों और शिक्षित युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए नई पहलों की न केवल उम्मीद है, बल्कि विश्वास भी है। इस दूरदर्शी अध्यक्ष के नेतृत्व में हमारी शैक्षणिक संस्थाएं नई ऊंचाइयों को छुएंगी और शिक्षा के क्षेत्र में आज से भी ऊंचा गौरवपूर्ण स्थान पाएंगी। जथेदार स्वर्णजीत सिंह ने आगे कहा कि उनकी ओर से शिक्षा, रोजगार योग्यता, समानता और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए अनेक पहल की जा रही हैं। वे सिख ह्यूमन डेवलपमेंट फाउंडेशन के भारत के लिए कार्यकारी निदेशक के रूप में भी सेवाएं निभा रहे हैं। इस भूमिका के तहत वे जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने के प्रयासों में योगदान दे रहे हैं। पेशेवर जिम्मेदारियों के अलावा, वे और उनकी पत्नी श्रीमती गगनदीप कौर प्रसिद्ध फोटोग्राफर और लेखक हैं, जिन्हें सिख इतिहास और विरासत के दस्तावेजीकरण के लिए जाना जाता है। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में द वैलिएंट वन्स (2011) शामिल है, जो निहंग सिंघों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए सिख इतिहास की पड़ताल करती है। इसके अलावा, श्री साहिब जी सहाय (2024) एक महत्वपूर्ण रचना है, जिसमें सिख गुरु साहिबान से संबंधित ऐतिहासिक निशानियों और धरोहरों का दस्तावेजीकरण किया गया है।

इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष गुरवीर सिंह बराड़ ने कहा कि सोसाइटी द्वारा मुझे जो सेवा सौंपी गई है, मैं पूरी ईमानदारी के साथ उसे निभाऊंगा।